वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 19 मार्च 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

कोरोना वायरस के कारण प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरोना वायरस की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सरकार तथा स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों को आगामी कुछ दिनों तक स्थगित कर दिया है। साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारी, स्थानिक प्रशासन, प्रदेशों एवं केंद्र सरकार से सम्बद्ध सभी कर्मचारी एवं संस्थाओं के द्वारा इस आपदा से निपटने के प्रयासों का अभिनन्दन करती है।

अभाविप की इस महीने में अलग-अलग प्रदेशों की कार्यकारिणी, कार्यसमिति बैठकें, कार्यशालाएं, विभिन्न छात्र सम्मेलन, संगोष्ठियां आदि होना प्रस्तावित था, जिन्हें आगामी सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। अभाविप ने सभी कार्यकर्ताओं को सूचित किया है कि वे इस महामारी से निपटने संबंधित नियामकों के दिशा-निर्देशों पर ध्यान दें तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के सूचनाओं का अनुपालन कर सहयोग करें।

अभाविप का समाज के लोगों से भी आह्वान है कि वे प्रशासन, स्वास्थ्यकर्मियों तथा सफाईकर्मियों का पूर्णतः सहयोग करें साथ ही सभी से आह्वान है कि अफवाहों से बचे एवं स्वच्छता को बनाये रखकर स्वयं भी बचें और सभीको बचायें। अभाविप सोशल मीडिया के माध्यम से कोरोना वायरस के सन्दर्भ में जागरूकता अभियान जारी रखेगी।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "हमारे देश के स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा प्रशासन ने जिस युद्ध स्तर पर इस महामारी से निपटने के लिए अब तक कदम उठाए हैं वह प्रशंसनीय हैं। इसकी विभीषिका को ध्यान में रखते हुए अभाविप की सभी इकाइयों तथा सम्बद्ध आयामों ने प्रस्तावित कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। इस खतरे के टलने के उपरांत ही हम नियमित रूप से कार्यक्रम करेंगे, हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि पूरा विश्व इससे शीघ्र मुक्ति पाए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)